टीसीएस आईटी क्विज में डीपीएस भोपाल जीता

इंदौर। आईटी सेवाओं, परामर्श और बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने आज स्कूली स्तर पर देश के सबसे बडे टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी क्विज 2016 का आयोजन किया जिसमें भोपाल की टीम प्रथम रही। इंदौर के खंडवा रोड पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय केम्पस स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित क्विज में करीब 1200 बच्चों ने भाग लिया बाद में हुए फायनल राउंड में इंदौर भोपाल कोटा के स्कूलों के बीच मुकाबला हुआ जिसे भोपाल डीपीएस के निश्चय और हार्दिक ने मुकाबला जीत लिया।